# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| Class: X | Department: Hindi | Date -22.07.26 |
|---|---|---|
| Worksheet No: 6 | Topic: वाक्य भेद और रूपांतरण | Note: Pl. file in portfolio |

**(क ) रचना के आधार पर वाक्य भेद लिखिए :-**

१.जो कमाएगा,वह खाएगा ।

२.मैं ठीक समय पर पहुँच गया परंतु रमेश नहीं आया ।

३.जो व्यक्ति स्वावलंबी होते हैं वे हमेशा सुखी रहते हैं ।

४.वर्षा होने पर फ़सलें लहलहाने लगीं ।

५.इस संसार में दिखाई देनेवाली सभी चीज़ें नाशवान हैं ।

६.चोर ने सामान चुराया और भागा ।

७.आप ही हैं , जिनकी बात मैं मान सकता हूँ ।

८.यही वह स्थान है , जहाँ कल दुर्घटना हुई थी ।

९.जब तक डॉक्टर पहुँचा,रोगी मर चुका था ।

१०.तुमने काम नहीं किया अतः पैसे नहीं मिलेंगे ।

**(ख) निर्देशानुसार वाक्य बदलिए :-**

१.तेंदुए ने गाँव में घुसकर दो लोगों को घायल कर दिया । ( संयुक्त वाक्य में )

__________________________________________________________

२.अच्छे अंक लाने के लिए परिश्रम करो । (मिश्र वाक्य )

__________________________________________________________

३.कुत्ता भौंका और सभी जाग गए । (सरल वाक्य में )

__________________________________________________________

४.वह फल खरीदने के लिए बाज़ार गई । ( संयुक्त वाक्य में )

__________________________________________________________

५.मैंने एक बीमार व्यक्ति को देखा । ( मिश्र वाक्य में )

__________________________________________________________

६.नीचे गिरते ही गिलास टूट गया। ( संयुक्त वाक्य में )

___________________________________________________________________________

७.बारिश हुई और हरियाली छा गई। ( सरल वाक्य में )

___________________________________________________________________________

८.किसान के बैल खूँटे से खुल गए और खेत में चरने लगे। ( सरल वाक्य में )

___________________________________________________________________________

९.विजय खाना खाकर काम पर गया। ( संयुक्त वाक्य में )

___________________________________________________________________________

१०.खरगोश घर में हैं और वे गाजर खा रहे हैं। ( मिश्र वाक्य में )

___________________________________________________________________________

११.उसने कहा कि वह स्कूल नहीं जाएगा। (प्रधान उपवाक्य छाँटिए )

___________________________________________________________________________

१२.जब तुम मेरे घर आए तब मैं घर पर नहीं था। ( आश्रित उपवाक्य छाँटकर भेद लिखिए )

___________________________________________________________________________

१३.वही व्यक्ति उन्नति करता है जो परिश्रमी होता है।(आश्रित उपवाक्य छाँटकर भेद लिखिए)

___________________________________________________________________________

१४.राजू ने कहा कि वह कल मुंबई जा रहा है। ( आश्रित उपवाक्य छाँटकर भेद लिखिए )

___________________________________________________________________________

१५. आपको वैसे करना चाहिए जैसे मैं कहता हूँ। ( प्रधान उपवाक्य छाँटिए )

___________________________________________________________________________